गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी
प्रैस नोट

दिनांकः—16.09.2019

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अम्बाला छावनी के सभागार में मेधावी विद्यार्थियों को गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ट्रस्ट व मेनेजमेंट सोसाइटी की ओर से 50 विद्यार्थियों को 2 लाख 25 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का आरंभ प्राचार्य डा. राजपाल सिंह द्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों के स्वागत से हुआ। प्राचार्य ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह इस दिशा में एक पहल है जिसे भविष्य में और अधिक व्यापक रूप प्रदान किया जाएगा। जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इस श्रृंखला में ब्रिगेडियर राहुल त्रेहान ने अपने कर कमलो से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की और कहा कि धन के अभाव के बिना अम्बाला व आस—पास के किसी भी विद्यार्थी की शिक्षा प्रभावित नहीं होगी। जहां तक सम्भव होगा, प्रत्येक विद्यार्थी जो जी.एम.एन. कॉलेज का छात्र या छात्रा है, उसे प्रतियोगिता परीक्षा के लिए पूर्ण रूप से उत्साहित किया जाएगा व उचित मार्गदर्शन कॉलेज के प्राध्यापकों द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर एम.ए. राजनीति विज्ञान विभाग के दो विद्यार्थियों को विद्योत्मा त्रेहन छात्रवृति भी दी गई

इस अवसर पर श्रीमती विद्योत्मा त्रेहन, श्रीमती कविता त्रेहन, डॉ. गुरदेव सिंह उपाध्यक्ष प्रबंधन समिति, श्री आलोक गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य, प्रबंधन समिति, डॉ. अंजु जैन, डॉ. वी.के. जैन, डॉ. राजेन्द्रा, डॉ. रचना खन्ना, डॉ. ज्योति उपस्थित रहे।

प्रो. राकेश कुमार
(पी.आर.ओ.)